## कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद।

पत्रांक मान्यता–टी0सी0 / 2969-70 / 2020–21 दिनांक 21/7/2020

प्रबन्धक,
राधा कृष्ण प्रा0 स्कूल
नूरपुर गाजियाबाद।

कृपया आप द्वारा अपने पत्र दिनांक 15–07–2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा विद्यालय की मान्यता स्थायी करते हुये विद्यालय का नाम संशोधित करने तथा स्थान परिवर्तन करने का अनुरोध किया गया है। इस हेतु प्रबन्ध समिति द्वारा पारित प्रस्ताव दिनांक 10 जुलाई 2020 भी संलग्न किया गया है। प्रबन्धक द्वारा नवीन भवन सम्बन्धी वॉछित सभी अभिलेख उपलब्ध कराये हैं।

प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार विद्यालय को प्राथमिक स्तर की नवीन मान्यता इस कार्यालय के पत्रांक सं0 आशु0 / 7978–79 दिनांक 27–12–2006 द्वारा प्रदान की गई थी। प्रबन्ध समिति द्वारा पारित प्रस्ताव दिनांक 10 जुलाई 2020 के अनुसार विद्यालय का संशोधित नाम तथा परिवर्तित स्थान निम्नवत् प्रस्तावित किया गया है–

संशोधित नाम एवं परिवर्तित स्थान– राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल सीकरीकलॉ मोहम्मदपुर रोड मोदीनगर गाजियाबाद

सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद की संस्तुति दिनांक 15–07–2020 के आधार पर शासनादेश **संख्या–89 / अरसठ–3–2018–2041 दिनांक 11–01–2019 एवं शासनादेश संख्या– 196 / अडसठ–3–2020–2041 / 2018 दिनांक 29 जून 2020** द्वारा मान्यता की शर्तो में किये गये संशोधन आदेश में दी गई व्यवस्था के अनुसार मान्यता की नवीन शर्ते पूर्ण करने तथा विद्यालय के विरूद्ध कोई शिकायत न होने के कारण विद्यालय को पूर्व में दी गई मान्यता स्थायी की जाती है। विद्यालय द्वारा प्रस्तावित संशोधित नाम के साथ–साथ प्रस्तावित नवीन स्थान पर भवन सम्बन्धी मानकों को पूर्ण करने के आधार पर परिवर्तित स्थान पर निर्मित नवीन भवन में विद्यालय संचालन की भी स्वीकृति प्रदान की जाती है। विद्यालय को भविष्य में भी स्थायी मान्यता की शर्तो के मानक को बनाये रखना होगा अन्यथा विद्यालय की मान्यता के प्रत्याहरण की कार्यवाही की जायेगी।

21/07/2020

(ब्रजभूषण चौधरी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गाजियाबाद।

पृ0स0 मान्यता–टी0सी0 / / 2020–21 तद्दिनांक

प्रतिलिपि– सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद को सूचनार्थ।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गाजियाबाद।

Manager
RADHA KRISHNA PUBLIC SCHOOL
Sikri Kalan, Mohammadpur Road,
Modinagar, Ghaziabad

## कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद।

पत्रांक मान्यता–टी0सी0/ 2971-72 /2020–21 दिनांक 21/7/2020

प्रबन्धक,
राधा कृष्ण जू0हा0 स्कूल
नूरपुर गाजियाबाद।

कृपया आप द्वारा अपने पत्र दिनांक 15–07–2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा विद्यालय की मान्यता स्थायी करते हुये विद्यालय का नाम संशोधित करने तथा स्थान परिवर्तन करने का अनुरोध किया गया है। इस हेतु प्रबन्ध समिति द्वारा पारित प्रस्ताव दिनांक 10 जुलाई 2020 भी संलग्न किया गया है। प्रबन्धक द्वारा नवीन भवन सम्बन्धी वॉछित सभी अभिलेख उपलब्ध कराये हैं।

प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार विद्यालय को जूनियर स्तर की नवीन अस्थायी मान्यता मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) मेरठ मण्डल मेरठ द्वारा अपने पत्रांक सं0 शि0स0/3274–78/2006–07 दिनांक 02–01–2007 द्वारा प्रदान की गई थी। प्रबन्ध समिति द्वारा पारित प्रस्ताव दिनांक 10 जुलाई 2020 के अनुसार विद्यालय का संशोधित नाम तथा परिवर्तित स्थान निम्नवत् प्रस्तावित किया गया है–

संशोधित नाम एवं परिवर्तित स्थान– राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल सीकरीकलॉ मोहम्मदपुर रोड मोदीनगर गाजियाबाद

सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद की संस्तुति दिनांक 15–07–2020 एवं मण्डलीय मान्यता समिति की सहमति दिनांक 21–07–2020 के आधार पर शासनादेश **संख्या–89/अरसठ–3–2018–2041 दिनांक 11–01–2019 एवं शासनादेश संख्या– 196/अडसठ–3–2020–2041/2018 दिनांक 29 जून 2020** द्वारा मान्यता की शर्तो में किये गये संशोधन आदेश में दी गई व्यवस्था के अनुसार मान्यता की नवीन शर्ते पूर्ण करने तथा विद्यालय के विरूद्ध कोई शिकायत न होने के कारण विद्यालय को पूर्व में दी गई मान्यता स्थायी की जाती है। विद्यालय द्वारा प्रस्तावित संशोधित नाम के साथ–साथ प्रस्तावित नवीन स्थान पर भवन सम्बन्धी मानकों को पूर्ण करने के आधार पर परिवर्तित स्थान पर निर्मित नवीन भवन में विद्यालय संचालन की भी स्वीकृति प्रदान की जाती है। विद्यालय को भविष्य में भी स्थायी मान्यता की शर्तो के मानक को बनाये रखना होगा अन्यथा विद्यालय की मान्यता के प्रत्याहरण की कार्यवाही की जायेगी।

21/07/2020

(ब्रजभूषण चौधरी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गाजियाबाद।

पृ0स0 मान्यता–टी0सी0/ /2020–21 तद्दिनांक
प्रतिलिपि– सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद को सूचनार्थ।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गाजियाबाद।

Manager
RADHA KRISHNA PUBLIC SCHOOL
Sikri Kalan, Mohammadpur Road,
Modinagar, Ghaziabad